एनीमियामुक्त राजस्थान के लिये 'शक्ति दिवस'

चर्चा में क्यों?

6 जून, 2022 को राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के शासन सचिव डॉ. पृथ्वी ने बताया कि राजस्थान को एनीमियामुक्त करने के लिये चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अन्य विभागों के साथ मिलकर हर माह के प्रथम मंगलवार को 'शक्ति दिवस' के रूप में आयोजित करेगा।

प्रमुख बिंदु

- इस अभियान के तहत बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में एनीमिया की दर कम करने के लिये विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी ।
- 'शक्ति दिवस' आंगनबाड़ी केंद्रों, राजकीय विद्यालयों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, उपस्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी, डिस्पेंसरी, उपज़िला तथा ज़िला अस्पताल में आयोजित किया जाएगा।
- एनीमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जाँच व एनीमिया का उपचार, आयरन की टेबलेट्स का वितरण, एनीमिया संबंधी जागरूकता तथा व्यवहार परिवर्तन हेतु गतिविधियाँ 'शक्ति दिवस' पर आयोजित की आंगनबाड़ी।
- 'शक्ति दिवस' पर आंगनबाड़ी केंद्रों एवं चिकित्सा संस्थानों में 6 माह से 59 माह तक के बच्चों, 5 से 9 वर्ष तक के विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चों, 10 से 19 वर्ष की किशोरी बालिकाओं, 20 से 24 वर्ष की विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में एनीमियामुक्ति के लिये विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।
- इसी प्रकार राजकीय विद्यालयों में अवकाश समाप्ति पर कक्षा 1 से 12वीं तक के बच्चों में एनीमियामुक्ति के लिये विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/shakti-diwas-for-anemia-free-rajasthan